पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
——————

राज्यपाल ने नागालैंड राज्य के स्थापना दिवस पर दी बधाई

लखनऊः 30 नवम्बर, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने 1 दिसम्बर को नागालैंड राज्य के स्थापना दिवस पर देश–प्रदेश, विशेषकर नागालैंड राज्य के वासियों को हार्दिक बधाई दी है।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने अपने बधाई संदेश में कहा कि भारत के उत्तर पूर्वी भाग में बसा नागालैंड एक आकर्षक राज्य है, जो अपनी विशिष्ट जनजातीय संस्कृति, सामाजिक परंपराओं, परिधानों व प्राकृतिक सौन्दर्य के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि देश के सभी प्रदेशों की संस्कृति व परंपराएं 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को साकार करती हैं, इससे देश की एकता को बल मिलता है।

————————

कृष्ण कुमार–सूचना अधिकारी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र–9454468250